सहयोगात्मक पर्यवेक्षण

जनपद– फैजाबाद

दिनांक– 29.10.2018 से 31.10.2018

पर्यवेक्षक–

- **सरिता गुप्ता, स्टेट आशा प्रोग्राम मैनेजर, कम्यूनिटी प्रोसेस, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।**
- **विपिन कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक, निर्माण अनुभाग, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।**

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 के पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई/2018–19/18/896–2 दिनांक 04.05.2018 में प्रदत्त निर्देशानुसार उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 29.10.2018 से 31.10.2018 को जनपद फैजाबाद के निम्नांकित चिकित्सा इकाइयों/सामुदायिक स्तर कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण किया गया–

✓ दिनांक 29.10.2018 को जनपद फैजाबाद में मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, फैजाबाद मण्डल एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ दर्शननगर सयुक्त चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तारुन एवं प्राथमिक विद्यालय नेतवारी चतुरपुर में मिशन इन्द्रधनुष सत्र का पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण उपरान्त मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय गये और वहां मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, फैजाबाद मण्डल की अध्यक्षता में अभियान मिशन इन्द्रधनुष के अर्न्तगत समस्त ब्लॉको की समीक्षा की गयी। सम्बन्धित अधीक्षकों द्वारा शीघ्र ही पायी गयी कमियों को दूर करने का आश्वाशन दिया गया।

✓ दिनांक 30.10.2018 को जनपद फैजाबाद में जिला महिला चिकित्सालय का पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों से अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा शीघ्र ही पायी गयी कमियों को दूर करने का आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चक्रतीर्थ का पर्यवेक्षण किया गया।

✓ दिनांक 31.10.2018 को जनपद फैजाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिल्कीपुर, उपकेन्द्र खिहारन एवं चाँदपुर गांव मे वी0एच0एन0डी0 सत्र का पर्यवेक्षण किया गया।

दिनांक	Major Findings from the Visit Site	Intervention/Activities Identified	Level of Intervention
प्रथम दिवस 29.10.18	**एन0आर0सी0, दर्शननगर संयुक्त चिकित्सालय** • एन0आर0सी0 में बच्चों की संख्या में वृद्धि हुयी है पिछले माह कुल 19 बच्चें भर्ती हुवे है। परन्तु पिछले माह के भ्रमण के दौरान जो भी सुधारात्मक बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया था उनपर कोई भी कार्यवाही नही की गयी थी। • मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि एन0आर0सी0 के अर्न्तगत बच्चे के साथ आने वाले परिजनो को डायट देने में समस्या आ रही है। डायट हेतु प्रावधानित की गयी धनराशि बहुत कम है। टेन्डर के अर्न्तगत प्रति डाइट का मुल्य रु0 96/– है जबकि दिशानिर्देश में रु0 50/– का प्राविधान किया गया है। • चिकित्सालय में जे0एस0एस0के0 एवं एन0आर0सी0 के अर्न्तगत लाभार्थियो को दिये जाने वाले भोजन का प्रबन्धन अभी भी नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूरा– बाजार से किया जा रहा है। • चिकित्सालय में पिछले एक साल से लिफ्ट निष्क्रिय अवस्था में है।	• मण्डलीय अपर निदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त प्रबन्धन को इसी चिकित्सा इकाई से किया जाये। • लिफ्ट में सुधार हेतु मण्डलीय अपर निदेशक द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। • ट्रामा सेन्टर में एच0आर0 की तैनाती हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा मार्गदर्शन चाहा गया है। • HMIS पर रिर्पोटिंग के सम्बन्ध में कई बार राज्य स्तर पर पत्र प्रेषित किये जा चुके है। Darshannagar Hospital visit with AD Sir	मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।

	• ट्रामा सेन्टर में अभी केवल एक ई0एम0ओ0 और एक स्टॉफ नर्स की ही तैनाती हुयी है और इसके लिये अलग से किसी बजट का प्राविधान नही है। • चिकित्सालय में Blood Storage Unit नही है। • इकाई की अभी तक HMIS पर रिर्पोटिंग नही हो पा रही है।		
प्रथम दिवस 29.10.2018	**<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तारुन, जनपद फैजाबाद</u>** **<u>लेबर रूम</u>** • पिछले माह कुल 51 प्रसव हुवे थे। इकाई पर 6 स्टॉफ नर्स (संविदा पर) है। जबकि यहाँ के नजदीकी उपकेन्द्र रसना पर एक ए0एन0एम0 माह में औसतन 80–90 प्रसव करा रही है और साथ ही क्षेत्र का कार्य भी कर रही है। • बच्चों वाली डिजिटल वजन मशीन, ऑटोक्लेव, रेडियन्ट वॉमर खराब है। • सक्शन मशीन foot operated है। • प्रसव हेतु आयी गर्भवती महिला का केस शीट एवं पार्टोग्राफ कभी नही भरा जाता है। • लेबर रूम में गोपनीयता हेतु उपयोग में लाये जाने वाले पर्दे मानाकानुसार नही है। • लेबर रूम में wash basin नही है, लेबर टेबिल पर कैलिसपैड खराब अवस्था में पाया गया। **<u>PNC Ward</u>** • साफ–सफाई की कमी पायी गयी, खिड़की के शीशे टुटे हुवे थे। • white washing होने के कारण ward में IEC व खिड़की पर पर्दे नही लगे हुवे थे। • वार्ड में अलग से इन्वर्टर व टी0वी0 की व्यवस्था की गयी थी। • भ्रमण दौरान एक प्रसूता वार्ड में थी, जिससे बात करके ज्ञात हुवा कि JSSK कार्यक्रम के अर्न्तगत उसे सभी सेवाओं का लाभ मिला है।	 **Curtains used for privacy in labour room** **Condition of PNC ward** 	प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।

Cold Chain Room

- ILR का tempreture logger काम नही कर रहा था।
- क्षेत्र में उपयोग के बाद बची हुयी वायल की वापसी का कोई रिकॉड नही मिल रहा था।
- टेली शीट अपूर्ण पायी गयी।
- Deep Freezer में ice packs मानकानुसार व्यवस्थित नही किये गये।

अन्य बिन्दु

- चिकित्सा इकाई में plumber issue की वजह से पानी की सप्लाई की व्यवस्था नही थी।
- पूरे चिकित्सा इकाई में खिड़कियों के शीशे टूटे हुवे है।
- जगह जगह construction का मलवा पड़ा हुआ है और कबाड़ (टूटा–फूटा समान) रखा हुआ था।
- चिकित्सा इकाई के पूरे परिसर में गन्दगी पायी गयी।
- आर0ओ0 मशीन खराब पायी गयी जबकि जल्दी ही खरीदी गयी थी।
- इमरजेन्सी रूम की हालात बहुत खराब थी मौके पर वहां एक लकड़ी की टेबिल थी जिसपे बहुत गन्दी कथरी पड़ी हुयी थी फिर उसके ऊपर मैकिनटोश शीट पड़ी हुयी थी।

मिशन इन्द्र धनुष की समीक्षा बैठक

भ्रमण उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अध्यक्षता में मिशन इन्द्र धनुष अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में खण्डासा, रूदौली, हैलिन्टनगंज, पूराबाजार व अरबन पी0एच0सी0 को छोड़कर समस्त ब्लॉक के अधीक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के मुख्य बिन्दु निम्नलिखित है–

- तापमान लॉगबुक जनपदं मे पिछली छपी हुयी वाली ही उपयोग में लायी जा रही है।
- सेवा प्रदाताओं मे हेड काउन्ट सर्वे व डयू लिस्ट को लेके अभी भी डाउट बना हुआ है।
- टैलीशीट अपूर्ण थी एवं टैलीशीट पर हस्ताक्षर नही किये हुवे थे।
- माइक्रो प्लान व टैलीशीट को मैच/चैक करने के

Condition of emergency room i.e. full of infectious

	लिये कोई तंत्र नही बनाया हुआ था। - सांयकाल मे होने वाली समीक्षा बैठक की गुणवत्ता में कमी थी। - फिल्ड हेतु निर्गत किये गये वायल एवं वापस आये हुवे वायल में कोई मिलान नही हो पा रहा था। - ए0एन0एम0 4 Key messages नही दे रही थी।	 District level review meeting for Mission Indradhanush	
द्वितीय दिवस दिनांक 30.10.2018	**Disrict Women Hospital** **SNCU Ward** - वार्ड मे 4 AC में से एक AC permanently खराब है। बचे 3 AC अक्सर ही खराब रहते है क्योकि उनकी outdoor unit बाहर छत पर है और वहां बन्दर बहुत है। उसके लिये सुझाव दिया गया कि outdoor unit को iron box से कवर करवा दिया जाये। - 6 phototherepy machine में से 2 खराब है और 13 radiant warmer में से 3 खराब है। केवल 2 pulse oximeter कार्यरत है। - सभी उपकरण 5 वर्ष पुराने हो गये है जोकि बार–बार खराब हो जाते है। - SNCU के अर्न्तगत सर्पोट स्टॉफ (वार्ड आया, सफाई कर्मी व सुरक्षा गार्ड) "अवनी परिधि" एजेन्सी द्वारा रखे गये है। और उन सभी को पिछले 7 माह से सैलेरी नही मिली है। - KMC वार्ड का अवलोकन किया गया और भ्रमण के दौरान 3 प्रसूताएं वहां थी।		मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।
	 No proper detail mentioned on Radiant Warmer & Phototherephy machine	 KMC Ward	

Labour Room

- Simplified पार्टोग्राफ भी नहीं भरा जा रहा है।
- लेबर रूम के समस्त रिकॉड (प्रसव पंजिका, भोजन रजिस्टर, 102 वाहन इत्यादि) पूर्ण रूप से नही भरे जा रहे है।

Visit labour room & check the availability of drugs & equipments

ANC /PNC Ward

- वार्ड में सम्बन्धित आई0ई0सी0 नही थी।
- खिड़कियो पर पर्दे नही लगे थे।
- बैडशीट बहुत गन्दी थी।
- ANC ward में सभी PNC वाले मरीज थे।

Visit PNC ward & interacted with mothers about the JSSK services

Family Planning Services

- परिवार नियोजन काउन्सलर के रिकॉड का अवलोकन किया गया जो कि बहुत व्यवस्थित पाया गया।
- पिछले माह 53 आई0यू0सी0डी0, 17 पी0पी0आई0यू0सी0डी0, कुल 45 अन्तरा केस व 4 महिला नसबन्दी हुयी थी।
- 5 अक्टूबर 2018 से अन्तरा नही लगायी जा रही है (दो केस में समस्या हो जाने के बाद से)।
- महिला नसबन्दी सेवाएं नियमित रूप से नही दी जा रही है जबकि उक्त चिकित्सालय में 3 सर्जन कार्यरत है। CMS से पुछने पर पता चला कि दो सर्जन (डा0 रंजना खरे व डा0 मिथिलेश) नियमित नही आती है। केवल एक सर्जन पर कार्यभार आ जाने से महिला नसबन्दी सेवाएं नियमित रूप से नही दी जा पा रही है।

Family Planning counseller desk

JSSK Diet

- प्रसूताओं से पूछने पर पता चला कि JSSK के अर्न्तगत उनको भोजन व वाहन की सेवायें दी जा रही है। भ्रमण के दौरान दी जाने वाले भोजन का अवलोकन किया गया।

		 Food has been provided that day under JSSK (rasedar sabji, roti, sukhi sabji, dal, chawal)	
	<u>अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – चक तीर्थ</u> - स्वास्थ्य इकाई तक जाने के लिये कोई direction signage उपलब्ध नही था। स्वास्थ्य इकाई पर भी साइनेज बहुत छोटा था। - ए0एन0सी0 रजिस्टर सभी महिलाओं का हिमोग्लोबिन स्तर अंकित नही था। - उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण व लाइन लिस्टिगं नही की जा रही है। - लेबर टेबिल मानकानुसार व्यवस्थित नही थी व कैलिस पैड में हवा नही भरी थी। - लैब रूम में कबाड़ भरा हुआ था व पानी की कोई व्यवस्था नही थी। साथ वाले रूम को किचन बना रखा था व उसमें एक बैड रखा हुआ था सोने के लिये। मेडिकल ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि किचन वाले रूम मे लैब को शिफ्ट करे व सारा कबाड़ वहां से हटाये। - ई0डी0एल0 नही दर्शया गया था। - आई0ई0सी0 की कमी पायी गयी।	 Visited lab room, kitchen and other spaces under UPHC	
तृतीय दिवस दिनांक 31.10.2018	**<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –मिल्कीपुर</u>** **<u>Labour Room</u>** - पिछले माह 220 प्रसव हुवे थे। इस इकाई पर 1 स्थायी व 3 संविदा स्टॉफ नर्स है। जिसमें 2 एस0बी0ए0 व 3 पी0पी0आई0यू0सी0डी0 प्रशिक्षित है। - इकाई पर 2 ए0एन0एम0 है जिसमें से एक ए0एन0एम0 आराध्या यादव मातृत्व अवकाश पर थी।	 **Expiry injection**	प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।

	- केस शीट व पार्टोग्राफ नही भरा जाता है और इकाई पर उपलब्ध भी नही था। केवल बी0एच0टी0 ही भरा जा रहा है। - लेबर रूम के समस्त रिकॉड (प्रसव पंजिका, भोजन रजिस्टर, 102 वाहन इत्यादि) पूर्ण रूप से नही भरे जा रहे है। - प्रसव पंजिका में एम0सी0टी0एस0 न0 अंकित नही था। - डाइट रजिस्टर प्रिन्टेड नही था व मैनुअल भरा जा रहा है। - रेडियंट वार्मर उपलब्ध था जिसका तापमान नियत किया हुवा था लेकिन स्टॉफ नर्स को उसे उपयोग करना नही आता था। - इमरजेन्सी ट्रे में एक्पायरी इंजेक्शन पाया गया।	 Only BHT filled at CHC Labour room Toilet	
	PNC Ward - भ्रमण के दौरान 12 प्रसूता वहां मौजूद थी। वार्ड में उनके परिजनों की भीड़ थी। - जे0एस0एस0के0 कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवायें प्रदान की जा रही है। - वार्ड में पर्दे नही पड़े हुवे थे। **अन्य बिन्दु** - ए0एन0सी0 रजिस्टर पूर्ण नही था। उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण व लाइन लिस्टिगं नही की जा रही है। - प्रत्येक माह की 9 तारीख को आयोजित किये जाने वाले प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन दिशा–निर्देशानुसार नही किया जा रहा है। पिछले तीन माह का रिकॉड अपूर्ण था।	 Visited PNC ward and interacted with JSY beneficiaries about services provided under JSY & JSSK programmes  Incomplete record of Pradhan Mantri Surakshit Maatratva Yojna for last 3 months	

	आशा कार्यक्रम - आशा कार्यक्रम से सम्बन्धित अभिलेखो का रख रखाव सही नही है। आशा वाउचर पर सभी के हस्ताक्षर पूर्ण नही थे। आशा क्लस्टर बैठक व आशा संगिनी की समीक्षा बैठक से सम्बन्धित रिकॉड अपूर्ण पाये गये। - अक्टूबर 2018 माह का आशा का भुगतान किया जा चुका है।		
	वी0एच0एन0डी0 सत्र – चाँदपुर गांव - चाँदपुर में कार्यरत ए0एन0एम0 श्रीमती शुषमा देवी ने अवगत कराया कि चाँदपुर गांव की आबादी 700 के लगभग है और इस क्षेत्र में वर्तमान में काई आशा कार्य नही कर रही है। इसी कारण ए0एन0एम0 को कार्य करने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जो क्षेत्र की पुरानी आशा थी उसने कई सालो से कोई काम नही किया और उसने अभी तक अपना त्याग पत्र भी नही दिया है। वी0एच0एन0डी0 सत्र मे अन्य क्षेत्र की आशाओं (नाम – श्रीमती मीरा यादव एवं श्रीमती राजेश कुमारी) से सहयोग लिया जा रहा था। आँगनवाड़ी कार्यकत्री वंदना सिंह उपस्थित थी। - ए0एन0एम0 श्रीमती शुषमा देवी के पास माइक्रो प्लान व डयू लिस्ट उपलब्ध नही था। - आँगनवाड़ी कार्यकत्री वंदना सिंह के पास वजन मशीन व ग्रोथ चार्ट नही था। - भ्रमण के दौरान 4–5 लाभार्थी वहाँ मौजूद थे और उनसे चर्चा कर पता चला कि सभी के 3–4 बच्चे थे और वो सब गृह प्रसव के मामले थे। - चाँदपुर क्षेत्र में 85 प्रतिशत मामले गृह प्रसव के थे। इस क्षेत्र के लोगो का साक्षरता स्तर भी निम्न लग रहा था। साथ ही लोगो में जागरूकता का अभाव भी था। - ए0एन0एम0 श्रीमती शुषमा देवी का स्वभाव भी काफी नाकारात्मक महसूस हुआ। - उक्त के सम्बन्ध में अधीक्षक को अवगत कराया गया और साथ ही यह निर्देशित किया गया कि तत्काल प्रभाव से चाँदपुर गांव मे आशा का चयन कराया जाये। अधीक्षक द्वारा शीघ्र ही पायी गयी कमियों को दूर करने का आश्वाशन दिया गया।	 **Visited VHND site & interacted vith beneficiaries**	ए0एन0एम0 के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।

	<u>उपकेन्द्र–खिहारन</u> - उपकेन्द्र–खिहारन की जनसंख्या 14366 है और ए0एन0एम0 श्रीमती गीता देवी के अन्दर 12 आशाएं कार्यरत है। भ्रमण के दौरान उपकेन्द्र पर ही वी0एच0एन0डी0 सत्र का आयोजन किया गया था। - ए0एन0एम0 श्रीमती गीता देवी के पास माइक्रो प्लान व डयू लिस्ट उपलब्ध नही था। - उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण व लाइन लिस्टिगं नही की जा रही है। और ना ही उससे सम्बन्धित कोई दस्तावेज पाये गये। - उपकेन्द्र की स्थति बहुत खराब थी। बिजली की सप्लाई नही थी जिसपर ए0एन0एम0 ने बताया कि जल्दी ही बिजली का खम्भा गिर गया था। इन्वरटर चोरी हो गया था। उपकेन्द्र में रनिंग पानी की सप्लाई नही थी। पानी के लिये एक हैण्डपम्प वहाँ लगा था। ना ही वहाँ कोई ड्रग्स उपलब्ध थे और ना ही उपकरण थे। - ए0एन0एम0 के खराब स्वास्थ्य के कारण माह अप्रेल 2018 से उपकेन्द्र पर कोई प्रसव नही कराया गया है। - भ्रमण के दौरान (समय–दोपहर 2:45 बजे) वहाँ कोई लाभार्थी मौजूद थे। ए0एन0एम0 द्वारा दावा किया गया कि लाभार्थी आके वापस चले गये है।	 **Poor Condition of Sub centre L1 i.e. totally non**	ए0एन0एम0 के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।